# नई-पुरानी ड्रेनेज व पेयजल लाइनों की होगी जीआईएस मेपिंग

- मॉनीटरिंग की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी
- सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक सम्पन्न
- अमृत योजना और पेयजल गुणवत्ता पर विशेष चर्चा



**इंदौर. सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में जिला विकास और निगरानी समिति ( दिशा ) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रमुख रूप से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति और अमृत योजना से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई.**

बैठक में तय किया गया कि इंदौर में ड्रेनेज और पेयजल लाईनों की मॉनीटरिंग की सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित की जायेगी. इसके तहत नई और पुरानी ड्रेनेज तथा पेयजल लाईनों की मॉनीटरिंग के लिये जीआईएस मेपिंग होगी. इससे यह सुनिश्चित किया जायेगा कि ड्रेनेज और पेयजल लाईन के पानी आपस में नहीं मिले. दोनों लाइनें आसपास समानांतरण रूप से नहीं रहे.

बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, कलेक्टर शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, विधायक रमेश मेंदोला तथा मधु वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवजीवन विजय पंवार, अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और श्रवण चावड़ा सहित समिति के अन्य सदस्यगण मौजूद थे. बैठक में शहरी क्षेत्र में अमृत योजना पैकेज-1 एवं अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई. इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अमृत योजना के तहत शुभारंभ के बाद किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा पैकेज-1 में शेष कार्यों की समीक्षा कर आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया.

### पुरानी लाइनों को सुपर इम्पोज किया जाए

सांसद लालवानी ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत डाली जा रही नई जल और ड्रेनेज लाइनों की जीआईएस मैपिंग अनिवार्य रूप से की जाए. उन्होंने बताया कि पोर्टल पर नई लाइनों की मैपिंग तो की जा रही है, लेकिन इससे भी अधिक जरूरी है कि पुरानी जल एवं ड्रेनेज लाइनों की भी मैपिंग कर उन्हें नई लाइनों के साथ सुपर इम्पोज किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी लाइन के टूटने या आपसी टकराव की स्थिति से बचा जा सके. ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता पर भी चर्चा हुई. बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि ड्रेनेज और पेयजल के कार्य निर्धारित समसयीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्व हो. जहां खुदाई का कार्य हो वहां कार्य समाप्ति के तुरंत पश्चात ही गड्ढे भराई का कार्य किये जाएं. वहां गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए. उन्होंने कहा कि वैध कालोनियों में एसटीपी के कार्यों का निरीक्षण कर उनके संचालन को देखा जाये.

### स्रोतों की वैकल्पिक व्यवस्था हो

बैठक में निर्देशित किया गया कि ग्रीष्मकाल में जल जीवन मिशन की टंकियों के स्त्रोतों की वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाये. बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और समस्याएं रखीं, जिन पर जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा गंभीरता से संज्ञान लिया गया. सांसद लालवानी ने कहा कि इन सभी प्रयासों का उद्देश्य आगामी ग्रीष्मकाल में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की जल समस्या से जनता को राहत दिलाना है.

## एक नजर में

### धरावरा धाम में मानस सम्मेलन 22 से



**इंदौर.** प्राचीन आस्था केंद्र धरावरा धाम पर 22 से 28 फरवरी तक आश्रम के संस्थापक साकेतवासी महंत घनश्याम दास महाराज की 17 वीं पुण्यतिथि के प्रसंग पर श्री मानस सम्मलेन एवं भागवत ज्ञान यज्ञ का दिव्य अनुष्ठान होग शाजापुर जिले के प्रख्यात भागवत मनीषी पं. ब्रजकिशोर नागर धरावरा धाम भक्त मंडल न्यास की मेजबानी में यहाँ प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक भागवत कथामृत का रसपान कराएंगे। अनुष्ठान में आसपास के 25 गांवों के श्रद्धालुओं की भागीदारी रहेगी. गुरुवार को धरावरा धाम आश्रम पर पीठाधीश्वर महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में भक्त मंडल की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मानस सम्मेलन, भागवत ज्ञान यज्ञ, महाप्रसादी एवं अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया गया. आश्रम के श्रीकांत शर्मा एवं गोविन्द मंगल ने बताया कि बैठक में समाजसेवी नानूराम चौधरी को मुख्य यजमान मनोनीत किया गया. अनुष्ठान की दिव्यता को देखते हुए डॉ. सुरेश चोपड़ा एवं ललित अग्रवाल संयोजक, कल्याण भांगडिया स्वागताध्यक्ष, दिनेश गर्ग अध्यक्ष, सीताराम नरेडी उपाध्यक्ष, अशोक कुमावत महामंत्री, प्रवीण मोहन चौधरी कोषाध्यक्ष तथा सर्वश्री प्रकाश मनोहर चौधरी, देवेन्द्र सांखला, डॉ. कमलेश गर्ग, नवनीत लाहोटी एवं सुरेश बजाज भोजन व्यवस्था समिति के प्रभारी मनोनीत किए गए.

### बंगाली फूड फेस्टिवल, मुखोरोचक शुरू



**इंदौर.** शुक्रवार शाम को नवलखा स्थित बंगाली क्लब परिसर में बंगाली फूड फेस्टिवल मुखोरोचक शुरू हुआ. बंगाली स्कूल एंड क्लब के अध्यक्ष जयंतनाथ चौधुरी और फूड फेस्टिवल सचिव दिबाकर चक्रबती ने फीता काटकर फेस्टिवल का शुभारंभ किया. इस मौके पर बंगाली क्लब के रवि शंकर एस चौधरी, रवि नंदी, अपूर्व चौधरी, प्रदीप भद्र, हराधन डॉन, त्वरित मुकर्जी, विशेष रूप से उपस्थित थे. फेस्टिवल में बंगाली फूड फेस्टिवल में बंगाल के सभी प्रसिद्ध वेज और नानवेज व्यंजन रखे गए है जिसमें कीमा पराठा, मोमोस, भेदकी चाप फिश, कटलेट, चिकन और मटन रोल/पराठा, एग रोल, मटन और चिकन बिरयानी, चिकन और मटन राइस आदि से लेकर बंगाली रसगुल्ला, मिष्टि दोही, संदेश, गुलाब जामुन आदि व्यंजन शामिल है. साथ ही वेज थाली, पूरी, चोलार डाल, बैंगनी, होममेड केक, पीठे आदि हैं. इसके अलावा साड़ी, गिफ्ट और आर्टिफिशियल बंगाली ज्वैलरी आयटम आदि के भी स्टाल्स लगाए गए है. पहले दिन सभी ने बंगाली व्यंजनों का स्वाद चटकारे लेकर लिया. वॉइस प्रेसिडेंट असित गांगुली ने बताया कि इंदौर मे बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय निवासरत है, सभी को एक ही छत के नीचे सभी बंगाली व्यजनो का भरपूर स्वाद मिल सके, इसी उद्देश को लेकर हर साल यह आयोजन बड़े पैमाने पर किया जाता है, जिसमें सभी बंगाली समाजजनो से प्रत्यक्ष मिलना भी हो जाता है. फूड फेस्टिवल 31 जनवरी और 1 फरवरी को सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक रहेगा. प्रवेश निशुल्क है.

### दिव्य संतान प्रकल्प ओपीडी का शुभारम्भ



**इंदौर.** गीता भवन स्थित प्रसिद्ध पारमार्थिक चिकित्सालय में दिव्य संतान प्रकल्प की ओपीडी का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस महत्वपूर्ण सेवा पहल का उद्घाटन हिन्दू आध्यात्मिक सेवा संस्थान के राष्ट्रीय संयोजक गुणवन्त सिंह कोठारी द्वारा किया गया. 1 फरवरी को डेली कॉलेज में वैज्ञानिक सत्र आयोजित किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जनों के सहभागिता रहेगी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ भैया जी जोशी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रहेंगे. दिव्य संतान प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक डॉ योगेंद्र महंत ने बताया कि शुक्रवार को कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिष्ठित गणमान्यजन उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से उद्योगपति दिनेश मित्तल, गीता भवन ट्रस्ट के ट्रस्टी रामजी एरन, कन्धारी झूलेवाले, राधेश्याम शर्मा गुरु, डॉ. अनिल गर्ग तथा महेश शास्त्री शामिल रहे.

### मेनारिया ब्राह्मण समाज में 20 पदों पर निर्विरोध प्रत्याशी



**इंदौर.** श्री मेनारिया ब्राह्मण समाज 52 श्रेणी में 8 फरवरी 2026 को निर्वाचन होना निश्चित था. मुख्य निर्वाचन अधिकारी रितेश ईनाणी द्वारा बताया गया किक28 दिसंबर 2025 से शुरू हुई प्रक्रिया में दिनांक 30 जनवरी 2026 को फार्म वापसी का कार्यक्रम निर्धारित था, जिसके उपरांत 21 पदों में से 20 पदों पर निर्विरोध प्रत्याशियों को निर्वाचित और विजयी घोषित किया गया. केवल उपाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी बचे रहने से दिनांक 8 फरवरी 2026 को अब केवल उपाध्यक्ष पद पर मतदान और मतगणना होगी और उसके बाद उपाध्यक्ष पद का परिणाम घोषित किया जाएगा, शेष सभी पदों पर निर्वाचन का परिणाम घोषित कर प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया गया. अध्यक्ष पद पर जसराज मेहता, सचिव पद पर लोकेश मेहता, सहसचिव पद पर किशन लाल मेहता, कोषाध्यक्ष पद पर शिवप्रसाद मेहता, भवन मंत्री पद पर कन्हैयालाल जोशी, शिक्षा मंत्री पद पर सूरज जोशी, उत्सव मंत्री पद पर राजेश जोशी निर्विरोध निर्वाचित हुए. कार्यकारिणी सदस्य के 13 पदों पर भीमलाल व्यास, निलेश मेहता, मांगीलाल जोशी, राधेश्याम जोशी, रमेश जोशी, रमेश पिता पृथ्वीराज जोशी, शंकरलाल वोरा, सुभाष मेनारिया, सुमित मेहता, उदय लाल जोशी, उदयलाल मेहता, उमाशंकर पुरोहित और योगेंद्र व्यास निर्विरोध निर्वाचित हुए. उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र मेनारिया और गणपत लाल मेहता के बीच 08 फरवरी को मतदान होगा.

# धार रोड पर बेकाबू टाटा 407 दुकान में घुसी, चार घायल





- दो नाबालिग चपेट में आए, एक की हालत गंभीर

**इंदौर.** धार रोड पर शुक्रवार शाम तेज रफ्तार वाहन का कहर सामने आया, जब अनियंत्रित टाटा 407 सडक् किनारे बनी एक दुकान में जा घुसी. हादसे में दो नाबालिगों समेत चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक किशोर की हालत गंभीर बताई जा रही है.

चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि हादसा नूरानी नगर के सामने सर्विस रोड पर हुआ. शाम करीब चार बजे तेज रफ्तार टाटा 407 चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए नियंत्रण खो दिया और वाहन सीधे दुकान में घुस गया. दुर्घटना धार रोड स्थित नट कॉलोनी क्षेत्र की बताई जा रही है. हादसे में सर्विस सेंटर संचालक 60 वर्षीय सत्यनारायण पिता मूलचंद निवासी नट कॉलोनी सिरपुर, 55 वर्षीय हरीश पिता रामचंद्र निवासी द्वारकापुरी, 16 वर्षीय करण पिता दिलीप निवासी कालानी नगर और 15 वर्षीय युवराज पिता दीपक निवासी डायमंड पैलेस घायल हुए हैं. इनमें युवराज को गंभीर चोटें आई हैं.

सभी घायलों को तत्काल वर्मा यूनियन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है. घटना स्थल से महज 100 मीटर की दूरी पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी और बैरिकेड्स भी लगे थे. आशंका जताई जा रही है कि वाहन चालक ने शराब का सेवन किया हुआ था. हादसे के बाद चालक वाहन छोडक़र मौके से फरार हो गया. मामले में पुलिस ने टाटा 407 को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है, मामले की जांच कर रही है.

# गांधीजी ने सत्य, अहिंसा, स्वदेशी के बल पर आजादी दिलाई

- सेवा सुरभि द्वारा प्रवर्तित 'झंडा ऊंचा रहे हमारा' अभियान का समापन
- शहीद दिवस पर 'मोहन से महात्मा तक' कार्यक्रम का हुआ आयोजन





**इंदौर.** गांधीजी उस महान व्यक्तित्व का नाम था, जिनके पास न सत्ता थी, न पद था, न सिंहासन था, लेकिन हौसले इतने बुलंद थे कि उन्होंने लाठी के सहारे पूरी अंग्रेजी सरकार की सत्ता हिला दी थी. गांधी जी ने सत्य, अहिंसा, स्वदेशी, शुचिता, और सत्याग्रह के बल पर अंग्रेजों के खिलाफ दांडी यात्रा से लेकर सविनय अवज्ञा आंदोलन, असहयोग आंदोलन आदि चलाए, और एक दिन अंग्रेजों को भारत से जाने के लिए मजबूर कर दिया.

प्रख्यात लेखक, चित्रकार और रंगकर्मी सुश्री भारती दीक्षित ने संस्था सेवा सुरभि द्वारा प्रवर्तित 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान के समापन कार्यक्रम में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर दुआ सभागृह में आयोजित 'मोहन से महात्मा' शीर्षक कार्यक्रम में अपने एक घंटे के धाराप्रवाह उद्बोधन में बड़े सधे अंदाज में महात्मा गांधी की संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायी यात्रा को इन शब्दों के साथ दिलचस्प अंदाज में प्रस्तुत किया. कार्यक्रम का शुभारंभ बापू की प्रतिमा के समक्ष संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेडा, अभिभाषक अनिल त्रिवेदी, गौतम कोठारी, अरविंद बागड़ी, वीरेन्द्र गोयल आदि के द्वारा माल्यार्पण के साथ हुआ. इस अवसर पर पर्यावरणविद डॉ. एस. एल गर्ग, डॉ. दिलीप वाघेला, अजीत सिंह नारंग, गोविंद सिंघल, गौतम कोठारी, डॉ. सम्यक जैन, रामेश्वरम गुप्ता, पंकज दीक्षित, कमल कलवानी, अमीर इंजीनियर वाला और नीरजा जैन ने अतिथियों का स्वागत किया. संचालन किया प्रख्यात रंगकर्मी संजय पटेल ने. इसके साथ ही गत 15 जनवरी से जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम एवं इंदौर विकास प्राधिकरण की सहभागिता में संचालित किए जा रहे 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान का समापन हो गया.

### पूरे देश की यात्रा की

सुश्री दीक्षित ने अपने एक घन्टे के धारा प्रवाह उद्बोधन में 'मोहन से महात्मा' तक की संघर्षपूर्ण और प्रेरणादायी जीवन यात्रा को दिलचस्प अंदाज में प्रस्तुत किया. गांधी जी ने जीवनभर केवल सत्य बोला ही नहीं, बल्कि उसमें जीते भी थे. गांधी जी ने बचपन में ही अपने अवगुणों को छांटना शुरू कर दिया था. गांधी जी के राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले थे जिन्होंने गाँधीजी को पहली सीख दी थी कि यदि भारत को जानना हैं तो पहले भारत के लोगों को समझना जरूरी है. उसके बाद गाँधीजी ने रेल के तीसरे श्रेणी में टिकट लेकर पूरे देश की यात्रा की. उन्हें महसूस हुआ कि भारत की आत्मा गांव में बसती है, और सभी देशवासी, अंग्रेजों के अन्याय का शिकार हैं. भारती दीक्षित ने गांधी जी के बचपन से लेकर दक्षिण अफ्रीका में उनकी पढ़ाई और भारत लौटने के बाद विभिन्न आंदोलनों को कहानियों के माध्यम से अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया जिसे सभी श्रोताओं ने सराहा.

# हाई कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव पर उठाए सवाल

- महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी रोकने का लगाया आरोप

**इंदौर.** हाई कोर्ट की महिला अधिवक्ता रेखा बोरीवाल ने हाई कोर्ट बार एसोसिएशन इंदौर के चुनावी नियमों को संविधान की मूल भावना के खिलाफ बताते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए कठोर और मनमाने नियमों के कारण महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी लगभग शून्य कर दी गई, जिससे समान अधिकार और अवसर की संवैधानिक गारंटी प्रभावित हुई है.

मामले में रेखा बोरीवाल ने नव भारत ऑफिस पहुंचकर बताया कि उसने स्वयं कार्यकारिणी पद के लिए चुनाव लड़ने की तैयारी की थी और महिला अधिवक्ताओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर हाई कोर्ट में रिट पिटीशन दायर की थी, जो 16 जनवरी को पंजीकृत हुई. इस याचिका पर 20 जनवरी को सुनवाई होना थी, लेकिन तारीख बढ़ाकर पहले 23 जनवरी और फिर 27 जनवरी कर दी गई. फिर 28 जनवरी दे दी गई, उस दिन भी सुनवाई नहीं हुई, जबकि इसी दिन चुनाव संपन्न कराए गए.

**न्याय नहीं मिलने पर सुप्रीम कोर्ट का दरबाजा खटखटाया जाएगा**-रेखा बोरीवाल का कहना है कि 28 जनवरी को कराए गए चुनाव और घोषित परिणाम भी संवैधानिक मूल्यों के उल्लंघन के कारण शून्य हैं. अब इस रिट पिटीशन पर अगली सुनवाई 23 फरवरी 2026 को निर्धारित की गई है. उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि यहां न्याय नहीं मिला तो महिला अधिवक्ताओं की भागीदारी के मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा.

### मामले की सुनवाई जानबूझकर टालने का आरोप

याचिका में मांग की गई थी कि या तो चुनाव स्थगित किए जाएं या नियमों में पारदर्शिता और लचीलापन लाकर अधिक से अधिक महिला अधिवक्ताओं को चुनाव में भाग लेने का अवसर दिया जाए. अधिवक्ता बोरीवाल का आरोप है कि इस मामले में जानबूझकर सुनवाई टाली गई, ताकि वे चुनाव नहीं लड़ सकें और नियमों की खामियां सामने न आ सकें. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी फाइल उच्च स्तर तक नहीं पहुंचने दी गई और बाधाएं खड़ी की गईं. उन्होंने 28 जनवरी को कोर्ट परिसर जाते समय असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें रोकने और दुर्घटना कराने की कोशिश किए जाने का भी दावा किया, जिसमें उनके हाथ में चोट आई.

# स्वबोध से भारत बनेगा सोने का शेर : राजेंद्र आर्लेकर

- नर्मदा साहित्य मंथन के पांचवें सोपान का वैचारिक उद्घोष
- देश भर के चिंतकों ने रखी अपनी बात



**इंदौर.** देश के प्रतिष्ठित नर्मदा साहित्य मंथन के पांचवें सोपान का शुक्रवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के मुख्य ऑडिटोरियम में शुभारंभ हुआ. महेश्वर से लाये मां नर्मदा नदी के जल के मंगल प्रवेश और पूजन के साथ ही तीन दिवसीय आयोजन का श्रीगणेश हुआ. भारत उदय के भावों के साथ आरंभ हुए आयोजन का शुभारंभ केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ किया.

विश्व संवाद केंद्र मालवा और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला द्वारा आयोजित वैचारिक मंथन में देशभर से बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन शामिल हुए. पहले दिन सात सत्रों में वरिष्ठ चिंतकों और विचारकों ने अपनी बात रखी. इस अवसर पर पुस्तक मेला और प्रदर्शनी भी लगायी गयी है. अभिव्यक्ति के मंच पर भी कई प्रतिभागियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया. केरल के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने आधार -स्वबोध विषय पर कहा कि स्वबोध से ही भारत सोने का शेर बन सकेगा. देश के आजादी के बाद हम अपने स्व के बोध को भूल गए। भारत उदय तभी होगा जब हम अपने मन में आने वाले विचार पर मंथन करेंगे।

प्रथम सत्र को भविष्य का भारत और हम विषय पर संबोधित करते हुए संघ के मध्यक्षेत्र संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा कि युवा पीढ़ी की अपनी-अपनी भूमिका रही है और युवा हमेशा से ही उसे निभाता आया है. कोई भी पीढ़ी, कोई भी समय हो युवा हमेशा से ही सृजन का वाहक रहा है. युवा ने हमेशा से ही भारत की विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है और परंपराओं को मजबूत करने में युवा पीछे नहीं है. पिता के एक कदम को आगे बढ़ाने की परंपरा युवाओं ने हमेशा निभायी है. भविष्य की पीढ़ी भी ऐसा ही करेगी. श्री सक्सेना ने कहा कि भारत का जन-मन राम को राष्ट्र मानते आया है और युवा पीढ़ी का भाव भी इससे अलग नहीं है. भारत को जो सदियों ने नहीं मिला, वो अगले कुछ दशकों में मिलने की संभावना बन रही है.

# अन्नपूर्णा मंदिर के स्थापना महोत्सव का शुभारंभ ध्वजा पूजन से

- आज शाम असंख्य दीपों से श्रृंगारित होगा मंदिर



**इंदौर.** शहर के प्रमुख आस्था केंद्र अन्नपूर्णा आश्रम के तृतीय स्थापना महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को सुबह महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच क्षेत्र के विधायक मधु वर्मा, विधायक रमेश मेंदोला एवं एमआईसी के सदस्य पार्षद अभिषेक बबलू शर्मा के आतिथ्य में ध्वजा पूजन, माँ अन्नपूर्णा के अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन के साथ हुआ। संध्या को प्रख्यात हनुमत ढोल पथक दल के सदस्यों ने मंदिर परिसर में सामूहिक प्रस्तुति देकर हजारों भक्तों को बांधे रखा. मंदिर पर सुबह से देर रात तक भक्तों ने माँ अन्नपूर्णा, माँ काली एवं माँ सरस्वती के श्रृंगारित स्वरूप के दर्शन कतारबद्ध होकर किए.

श्री अन्नपूर्णा आश्रम ट्रस्ट, मंदिर संचालन समिति एवं भक्त मंडल के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को दिनभर मंदिर परिसर में स्थापना महोत्सव की धूम मची रही. विधायक मधु वर्मा एवं रमेश मेंदोला ने मस्तक पर पूजन सामग्री धारण कर मंदिर के गर्भ गृह में पहुंचकर माँ की पूजा-अर्चना भी की और मन्दिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरी के सानिध्य में ध्वजा पूजन भी किया. मेहमानों ने विद्वान आचार्यों के निर्देशन में शनिवार को होने वाले महाप्रसादी कार्यक्रम के लिए भट्टी पूजन भी किया. रात्रि में भजन गायक गन्नू महाराज एवं साथियों ने भजनों के माध्यम से देर रात तक भक्तों को खूब नचाया। मंदिर के न्यासी मंडल के प्रमुख विनोद अग्रवाल, टीकमचंद गर्ग, दिनेश मित्तल, पवन सिंघानिया, श्याम सिंघल एवं सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि नवश्रृंगारित अन्नपूर्णा लोक के नूतन स्वरुप की स्थापना वर्ष 2023 में की गई है.

### आज सुबह नवचंडी पाठ, शाम को दीपोत्सव

महोत्सव में शनिवार को सुबह 5 से 7 .30 बजे तक माँ के अभिषेक एवं सहस्त्रार्चन के बाद सुबह 9 बजे से नवचंडी पाठ होगा. शाम 6 बजे माँ को 56 भोग समर्पित किए जाएंगे तथा संध्या 6 .30 बजे से समूचे मंदिर परिसर को असंख्य दीपो की रोशनी से श्रृंगारित किया जाएगा. शाम 7 बजे महाआरती होगी. इस दौरान मंदिर आने वाले भक्तों के लिए शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक महाप्रसादी का आयोजन भी होगा। महाप्रसादी निर्माण का कार्य आज सुबह भट्टी पूजन के साथ ही शुरू हो गया है।

## एक नजर में — यूसीकॉन 2026 : दूसरे दिन साइक्लोथॉन और हेरिटेज वाक का भी आयोजन

# गंभीर बीमारी को न्योता दे सकता है लक्षणों को नजरअंदाज करना



**इंदौर.** यूसीकॉन 2026 के दूसरे दिन शहर में ऐसा माहौल दिखा, मानो यह सिर्फ डॉक्टरों का सम्मेलन नहीं, बल्कि सेहत का जनउत्सव हो. सुबह सुपर कॉरिडोर पर सैकड़ों डॉक्टर, सर्जन और युवा रेजिडेंट्स साइक्लोथॉन में शामिल हुए. सफेद कोट की जगह स्पोर्ट्स गियर में ये विशेषज्ञ साइकिल चलाते हुए फिटनेस और एक्टिव लाइफस्टाइल का संदेश दे रहे थे.

साइक्लोथॉन के बाद ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर के हॉल्स में चिकित्सा विज्ञान का हाईटेक चेहरा नजर आया. 70 से अधिक अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी और देश के वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट्स ने दिनभर रोबोटिक, लेजर और मिनिमली इनवेसिव सर्जरी की नई तकनीकों का प्रदर्शन किया. अलग-अलग हॉल्स में एक साथ कई सत्र चलते रहे. दूसरे दिन का खास फोकस आम जनता के लिए स्वास्थ्य जागरूकता भी रहा. विशेषज्ञों ने बताया कि आजकल किडनी स्टोन, प्रोस्टेट बढ़ना, पेशाब में जलन या खून आना, बार-बार यूरिन इंफेक्शन और ब्लैडर-किडनी कैंसर जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं. उन्होंने चेताया कि पेशाब में दर्द, रुकावट, खून, कमर दर्द या रात में बार-बार उठना जैसे लक्षणों को नजरअंदाज करना गंभीर बीमारी को न्योता दे सकता है.

ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. सुशील भाटिया ने कहा यूसीकॉन को हमने सिर्फ एक मेडिकल कॉन्फ्रेंस के रूप में नहीं, बल्कि हेल्थ मिशन के रूप में डिजाइन किया है. ऑर्गनाइजिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. संजय शिंदे ने कहा स्वस्थ जीवनशैली ही हर बीमारी की पहली दवा है. अगर लोग फिट रहेंगे तो अस्पतालों की जरूरत ही कम पड़ेगी. ऑर्गनाइजिंग कमेटी के ट्रेज़रर डॉ. नितीश पाटीदार ने बताया, 70 से ज्यादा इंटरनेशनल फैकल्टी और इतने बड़े स्तर की लाइव सर्जरी इंदौर में होना हमारे लिए गर्व की बात है. को-ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. रवि नागर ने कहा यहां सीखी गई तकनीकें छोटे शहरों और गांवों तक बेहतर इलाज पहुंचाने में मदद करेंगी. को-ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. श्याम अग्रवाल ने जोड़ा लोग अक्सर यूरोलॉजी की समस्याओं को शर्म या लापरवाही में छिपा लेते हैं। यही सबसे बड़ी गलती है। समय पर जांच और सही विशेषज्ञ से इलाज कराने पर ज्यादातर बीमारियां पूरी तरह ठीक हो सकती हैं.

### सर्जनों को रोबोटिक सर्जरी का व्यावहारिक अनुभव




इंट्यूटिव का एक्सआई एक्सपीरियंस सेंटर यूसीकॉन में में प्रदर्शित किया गया. यह मोबाइल रोबोटिक सर्जरी को समझाने वाला प्लेटफॉर्म है. इसने मध्य भारत के सर्जनों और मेडिकल ट्रेनीज़ को दा विंची सर्जिकल सिस्टम के जरिए रोबोटिक सर्जरी टेक्नोलॉजी को नज़दीक से समझने और सीखने का मौका दिया. यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के ऑनरेरी सेक्रेटरी उत्तम मेट्टे ने बताया कि जैसे-जैसे मिनिमली इनवेसिव इलाज आगे बढ़ रहा है, टेक्नोलॉजी से जुड़े फैसले अनुभव और प्रमाण पर आधारित होने चाहिए. इंट्यूटिव एक्सआई एक्सपीरियंस सेंटर जैसे प्लेटफॉर्म डॉक्टरों को व्यावहारिक अनुभव देते हैं, जो औपचारिक ट्रेनिंग के साथ मिलकर बेहतर और तैयार मिनिमली इनवेसिव हेल्थकेयर सिस्टम बनाने में मदद करते हैं. यूरोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के सीनियर मेंबर अनंत कुमार ने बताया कि नई सर्जरी टेक्नोलॉजी को खुद इस्तेमाल करके देखना सर्जनों के लिए बहुत जरूरी होता है, खासकर यूरोलॉजी जैसे क्षेत्र में, जहां सटीक काम, सही पोज़िशन और लगातार अच्छे नतीजे बहुत मायने रखते हैं. इंट्यूटिव एक्सआई एक्सपीरियंस सेंटर जैसे प्लेटफॉर्म अलग-अलग जगहों के सर्जनों को इन बातों को समझने और कम चीरा लगाने वाली सर्जरी की बदलती टेक्नोलॉजी से जुड़ने में मदद करते हैं.